an>

Title: Need to declare Kalapi, the birthplace of Ved Vyas in Jalaun Parliamentary Constituency of Uttar Pradesh as a tourist place.

श्री भानु प्रताप सिंह वर्मा (जालौन) : माननीय सभापति महोदय, आपने मुझे अति महत्वपूर्ण विषय पर बोलने का समय दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं। मेरे लोक सभा क्षेत्र में कालपी नगर जो यमुना नदी के किनारे बसा हुआ है, वह महर्षि वेद व्यास की जन्म स्थली है। वह वेद व्यास जिन्हें बाद मे लोग जगतगुरू शंकराचार्य के नाम से जानते थे। उन्होंने पुराणों की रचना की है। इसी कालपी नगर में एक विश्व प्रसिद्ध सूर्य मंदिर है। एक मंदिर कोणार्क, उड़ीसा में हैं, दूसरा मुलतान, पाकिस्तान में है और तीसरा मंदिर कालपी नगर में है। विश्व के खगोलशास्त्री यहां आते हैं और परीक्षण करते हैं। इसी कालपी नगर में एक मीनार है, जैसे दिल्ली में कुतुब मीनार है, उसी तरह की एक मीनार हमारे कालपी नगर में है। उसे हम लोग लंका के नाम से जानते हैं और उस पर नाग और नागिन के अद्भुत चित्र बने हुए हैं। लाखों लोग उसे देखने के लिए आते हैं। उस नाग, नागिन की प्रतिमा की लम्बाई लगभग 86 फीट है।

माननीय महोदय, काल्पी नगर में अनेक दर्शनार्थी स्थल हैं। चंदेल, कालीन का कोषागार, सम्राट अकबर के 9 रत्नों में से एक बीरबल की जन्मस्थली काल्पी के मोहल्ला मिर्जामंडी में है। ये एक पंडित परिवार में पैदा हुए थे, उनका नाम महेश दास द्विवेदी था। बाद में वे अकबर के 9 रत्नों में गिने गए। माननीय सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से केंद्र सरकार से अनुरोध करना चाहता हूँ कि काल्पी नगर एक अद्भुद नगरी है। यहां कागज़ का बहुत बड़ा कारखाना है। मैं केंद्र सरकार से मांग करना चाहता हूँ कि निश्चित ही काल्पी नगर को केंद्रीय पर्यटन स्थल घोषित किया जाए, जिससे इस नगर का विकास हो सके।